# कार्यालय कलेक्टर, जिला–बस्तर जगदलपुर
## ( आदिवासी विकास शाखा )

दूरभाष नं. 07782-222520 ई–मेल–actd.jdp@gmail.com

क्रमांक/आ0वि0/सीधी भर्ती/स्था./ 2334 /2023–24 जगदलपुर, दिनांक 15/05/2023

**विज्ञापन सूचना का प्रारूप**

छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र क्रमांक/एफ 13–1/2023/आ.प्र./1–3 नवा रायपुर, दिनांक 03.05.2023 एवं कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर छ0ग0 के पत्र क्रमांक/सा.स्था. 3/भर्ती–24/2023/1096 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 08.05.2023 के द्वारा कार्यालय कलेक्टर, आदिवासी विकास शाखा, जगदलपुर के रिक्त पदों की पूर्ति सीधी भर्ती द्वारा किये जाने हेतु निर्धारित योग्यता रखने वाले योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है।

रिक्तियों की संख्या पदनाम सहित प्रवर्गवार निम्नानुसार है :–

| क्र0 | पदनाम | रिक्त पदों की संख्या | अ.ज.जा. | | अ.जा. | | अ.पि.वर्ग | | अनारक्षित | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | म. | मुक्त | म. | मुक्त | म. | मुक्त | म. | मुक्त |
| 1 | शीघ्रलेखक ग्रेड–3 | 02 | – | 01 | – | – | – | – | – | 01 |
| 2 | डाटा एण्ट्री ऑपरेटर | 02 | – | 01 | – | – | – | – | – | 01 |
| 3 | वाहन चालक | 02 | – | 02 | – | – | – | – | – | – |

**आवेदन संबंधी महत्वपूर्ण तिथि :–**

| क. | विवरण | अंतिम तिथि | आवेदन करने का पता |
|---|---|---|---|
| 1 | आवेदन करने की अंतिम तिथि | 30.06.2023 | कार्यालय, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जगदलपुर जिला– बस्तर (छ.ग.) पिन कोड 494001 |

विज्ञापन का विस्तृत विवरण जिले के अधिकारिक वेबसाईट https://bastar.gov.in/ पर अवलोकन किया जा सकता है।

कलेक्टर,
जिला–बस्तर

पृ0क्रमांक/आ0वि0/सीधी भर्ती/स्था./ 2335 /2023–24 जगदलपुर, दिनांक 15/05/2023

प्रतिलिपिः–

1– जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, (NIC) जिला बस्तर को सूचनार्थ कृपया जिलें के वेबसाईट में उक्त विज्ञापन को अपलोड करने का कष्ट करें ।

2– संयुक्त संचालक, जनसंपर्क जगदलपुर जिला बस्तर कृपया उक्त विज्ञप्ति को प्रदेश के 02 समाचार पत्रो एवं जिले के 03 दैनिक समाचार पत्रो में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करे।

कलेक्टर,
जिला–बस्तर

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय कलेक्टर, जिला—बस्तर जगदलपुर
# ( आदिवासी विकास शाखा )

दूरभाष नं. **07782-222520** ई—मेल—actd.jdp@gmail.com

## //विज्ञापन//

क्रमांक/आ0वि0/सीधी भर्ती/स्था./ 2336 /2023—24 जगदलपुर, दिनांक 15/05/2023

छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र क्रमांक/एफ 13—1/2023/आ.प्र./1—3 नवा रायपुर, दिनांक 03.05.2023 एवं कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर छ0ग0 के पत्र क्रमांक/सा.स्था. 3/भर्ती—24/2023/1096 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 08.05.2023 के द्वारा कार्यालय कलेक्टर, आदिवासी विकास, जगदलपुर के रिक्त पदों की पूर्ति सीधी भर्ती द्वारा किये जाने हेतु निर्धारित योग्यता रखने वाले योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से **कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जगदलपुर जिला बस्तर के पते में दिनांक 30.06.2023 सायं 5:00 बजे तक** आमंत्रित किये जाते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जावेगा।

**रिक्तियों की संख्या पदनाम सहित प्रवर्गवार निम्नानुसार है :—**

| क्र0 | पदनाम | रिक्त पदों की संख्या | अ.ज.जा. | | अ.जा. | | अ.पि.वर्ग | | अनारक्षित | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | म. | मुक्त | म. | मुक्त | म. | मुक्त | म. | मुक्त |
| 1 | शीघ्रलेखक ग्रेड—3 | 02 | — | 01 | — | — | — | — | — | 01 |
| 2 | डाटा एण्ट्री ऑपरेटर | 02 | — | 01 | — | — | — | — | — | 01 |
| 3 | वाहन चालक | 02 | — | 02 | — | — | — | — | — | — |

महत्वपूर्ण टीप :—

1. आवश्यकता अनुसार उपरोक्त पदों की संख्या बढ़ाई या घटाई जा सकेगी।
2. उपरोक्त सभी नियुक्ति एवं चयन प्रक्रियाएँ, माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस. एल.पी.(सी) क्रमांक/19668/2022 के अंतिम आदेश के अधीन होगी।
3. छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी ही मान्य होंगे।
4. चयन हेतु अंतिम निर्णय लेने का अधिकार चयन समिति का होगा।
5. भरती प्रकिया के दौरान किसी भी प्रकार की आपत्ति/विवाद होने की स्थिति में कलेक्टर जिला बस्तर द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा ।

### 1. शीघ्रलेखक ग्रेड—3

(अ) वेतनमान—वेतन मैट्रिक में लेवल—7 वेतनमान रू. 5200—20200+2800

(ब) शैक्षणिक योग्यताएं —

अनिवार्य —

1. किसी मान्यता प्राप्त मंडल/विश्वविद्यालय से 10+2 पद्धति के अन्तर्गत हायर सेकेण्डरी परीक्षा या स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्श परीक्षा उत्तीर्ण।
2. किसी मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था से हिन्दी शीघ्रलेखन की परीक्षा उत्तीर्ण या शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन परिषद से —
   (क) हिन्दी शीघ्रलेखक के लिए हिन्दी शीघ्रलेखन में 100 शब्द प्रतिमिनट गति से तथा हिन्दी मुद्रलेखन में 25 शब्द प्रतिमिनट की गति से शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा उतीर्ण।

(क्रमश : ..... 2 पर)

Scanned with OKEN Scanner

(ख) अंग्रेजी शीघ्रलेखक के लिए अंग्रेजी शीघ्रलेखन में 100 शब्द प्रतिमिनट गति से तथा अंग्रेजी मुद्रलेखन में 30 शब्द प्रतिमिनट की गति से शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा उतीर्ण ।

3. किसी मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर एप्लीकेशन, डाटा एन्ट्री/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय प्रमाण पत्र /डिप्लोमा तथा डाटा एन्ट्री में 10000 की डिप्रेशन प्रतिघंटे की गति होनी चाहिए। (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी)
वांछनीय :– द्विभाषी शीघ्रलेखन (अंग्रेजी/हिन्दी) वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जावेगी ।

4. अनुभव को प्राथमिकता के आधार पर अंको का निर्धारण चयन समिति करेंगी ।

2. <u>डाटा एण्ट्री ऑपरेटर</u>

(अ) वेतनमान–वेतन मैट्रिक में लेवल–5 वेतनमान रू. 5200–20200+2400

(ब) शैक्षणिक योग्यताएं –

**अनिवार्य –**

1. किसी मान्यता प्राप्त मंडल/विश्वविद्यालय से 10+2 पद्धति के अन्तर्गत हायर सेकेण्डरी परीक्षा या स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण या कक्षा 10वी बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण एवं किसी विषय में तीन वर्षीय डिप्लोमा उत्तीर्ण।
2. किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा।
3. मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद से ( कम्प्यूटर एवं साप्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी एवं अंग्रेजी मुद्रलेखन गति में 8000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी) का प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।
4. अनुभव को प्राथमिकता के आधार पर अंको का निर्धारण चयन समिति करेंगी ।

3. <u>वाहन चालक</u>

(अ) वेतनमान–वेतन मैट्रिक में लेवल–4 वेतनमान रू. 5200–20200+1900

(ब) शैक्षणिक योग्यताएं –

**अनिवार्य –**

1. किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से पूर्व माध्यमिक परीक्षा कक्षा 8वीं उत्तीर्ण।
2. हल्का मोटर यान का वैद्य चालक का अनुज्ञप्ति होना चाहिए।
3. ड्राईविंग का परीक्षण किया जावेगा ।
4. अनुभव को प्राथमिकता के आधार पर अंको का निर्धारण चयन समिति करेंगी ।

**उपरोक्तानुसार सभी पदों की परिवीक्षा अवधि :– चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति 03 वर्ष परिवीक्षा पर की जावेगी।**

**प्रथम वर्ष** – उस पद के वेतनमान के न्यूनतम का 70 प्रतिशत।
**द्वितीय वर्ष** – उस पद के वेतनमान के न्यूनतम का 80 प्रतिशत।
**तृतीय वर्ष** – उस पद के वेतनमान के न्यूनतम का 90 प्रतिशत।

**पात्रता की अन्य शर्ते :–**

1. आवेदक का रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
2. पद क्रमांक 01 एवं 02 हेतु कौशल परीक्षा आयोजित की जायेगी।
3. आवेदन के साथ जन्मतिथि के संबंध में प्रमाण पत्र शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र, (शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत् शासकीय सेवकों को छोड़कर), दिव्यांगता प्रमाण पत्र इत्यादि प्रमाण पत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(क्रमश : ..... 3 पर)

Scanned with OKEN Scanner

4. यदि आवेदक विज्ञापित पदों में से एक से अधिक पद हेतु आवेदन प्रस्तुत करना चाहता है तो उसे प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन निर्धारित प्रारूप में पेश करना होगा तथा एक पद के लिए एक ही आवेदन स्वीकार किया जावेगा।

5. प्रत्येक आवेदक को चाहिए कि वह विज्ञापन में दिए गये निर्देशों तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी देखकर अत्यंत सावधानीपूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें। यदि आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण दी जाती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी आवेदक की होगी। त्रुटि तथा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिए आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा। **पदों हेतु निर्धारित योग्यता विज्ञापन तिथि तक पूर्ण होना चाहिए।**

6. निर्धारित आयु सीमा (21 से 40 वर्ष) 01.01.2023 की स्थिति में न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष होगी। अभ्यर्थियों को शासन द्वारा समय–समय पर प्रसारित नियमों/निर्देशों के तहत् निर्धारित आयु सीमा में नियमानुसार छूट दी जावेगी।

7. विज्ञापन संबंधित समस्त जानकारी एवं आवेदन का प्रारूप कार्यालय के सूचना पटल पर एवं जिले के अधिकारिक वेबसाईट https://bastar.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है।

15/5/23

**कलेक्टर,**
**जिला–बस्तर**

पृ0क्रमांक/आ0वि0/सीधी भर्ती/स्था./ 2337 /2023–24 जगदलपुर, दिनांक 15/05/2023

**प्रतिलिपि :–**

1– आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ।

2– जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, (NIC) जिला बस्तर को सूचनार्थ कृपया जिलें के वेबसाईट में उक्त विज्ञापन को अपलोड करने का कश्ट करें ।

3– संयुक्त संचालक, जनसंपर्क जगदलपुर, जिला बस्तर कृपया उक्त विज्ञप्ति को प्रदेश के 02 समाचार पत्रो एवं जिले के 03 दैनिक समाचार पत्रो में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कृष्ट करे।

**कलेक्टर,**
**जिला–बस्तर**

Scanned with OKEN Scanner